राजस्थान सरकार
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ. 23(2)खा.वि./भण्डार/2008–II जयपुर, दिनांक :05.06.2017

कोटेशन के लिए अनुरोध

विभाग में 08 कम्प्यूटर (मशीन विद् मैन) की आवश्यकता है। अतः वित्त विभाग राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों/निर्देशों के अनुसार कम्प्यूटर (मशीन विद् मैन) किराये पर उपलब्ध करने हेतु इच्छुक फर्म/व्यक्तियों से दरें सीलबन्द लिफाफे में इस विभाग को दिनांक 15.06.2017 को मध्यान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

उक्त कम्प्यूटर (मशीन विद् मैन) खाद्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर स्थित मुख्यालय पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराने होंगे। निविदा की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में विभाग में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कम्प्यूटर (मशीन विद् मैन) 06 माह तक किराये पर लिये जाने हैं। कम्प्यूटर (मशीन विद् मैन) की सेवायें सन्तोषजनक होने पर उक्त अवधि बढ़ाई जा सकती है। वित्त विभाग राजस्थान सरकार द्वारा प्रति कम्प्यूटर (मशीन विद् मैन) की अधिकतम दर प्रतिमाह 8500/– रूपये स्वीकृत हैं। प्रति कम्प्यूटर (मशीन विद् मैन) की अधिकतम दर प्रतिमाह 8500/– रूपये से अधिक की दर प्राप्त होने पर प्राप्त निविदा को निरस्त माना जावेगा।

निविदादाता द्वारा प्रस्तुत की गई दरों के अलावा इस विभाग द्वारा अन्य किसी राशि (EPF, ESI एवं सेवाकर आदि) का भुगतान नहीं किया जावेगा। यदि सेवाप्रदाता पर EPF, ESI एवं सेवाकर भुगतान का दायित्व बनता है, तो इस प्रकार के दायित्व सेवाप्रदाता द्वारा वहन किया जावेगा।

Sd/-
उपायुक्त (द्वितीय)

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 निजी सचिव, शासन सचिव, खाद्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2 निजी सचिव, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त, राजस्थान, जयपुर।
3 वित्तीय सलाहकार, खाद्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4 वरिष्ठ निजी सहायक, उपायुक्त (द्वितीय), खाद्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5 ए.सी.पी., खाद्य विभाग को राज्य लोक उपापन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
6 मैसर्स सॉफ्टेक कम्प्यूटर्स, 112, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर।
7 सन् कम्प्यूटर, 866, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर।
8 अरिन कम्प्यूटर्स, हरिमार्ग, सिविल लाइन्स, जयपुर।
9 अनु एन्टर प्राइजेज, 201, IInd फ्लोर, अनुकम्पा मेन्शन, रेमण्ड शोरूम के सामने, एम.आई. रोड़, जयपुर।
10 मैसर्स ज्हान्वी मैनेजमेन्ट सर्विसेज एण्ड सप्लायर्स, 1–डी–89, ललिता शास्त्री नगर, जयपुर।
11 रक्षा पत्रिका।

02.06.2017
उपायुक्त (द्वितीय)